दक्षेस विवाचन परिषद्

# पद रिक्ति की घोषणा

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) का एक विशिष्ट निकाय, **दक्षेस विवाचन परिषद्** (एसएआरसीओ), जिसका सचिवालय इस्लामाबाद-पाकिस्तान में है, दक्षेस सदस्य राष्ट्रों के नागरिकों से संविदा आधार पर निम्नलिखित संव्यावसायिक पद हेतु निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है :-

| पद | कार्यस्थल | अर्हता | कौशल एवं विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक (विधि) | इस्लामाबाद, पाकिस्तान | एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक की सनद। विधि में निष्णात की सनद एक अतिरिक्त अर्हता होगी। | न्यूनतम 05 वर्ष का संव्यावसायिक अनुभव। मध्यस्थता एवं सुलह की कार्रवाई तथा विवाचक अधिकरण के विषय में प्रत्यक्ष अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |

**<u>दक्षेस विवाचन परिषद् से प्राप्त होने वाले भत्ते, सुविधाएं एवं लाभ</u>** :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **निर्वाह भत्ता** | **यूएस $1253.00** (एक हजार दो सौ तिरपन अमेरिकी डॉलर) प्रतिमाह (50% अमेरिकी डॉलर और 50% पाकिस्तानी रुपए)। |
| 2. | **दैनिक भत्ता (मकान किराया भत्ता के एवज में)** गैर-पाकिस्तानी नागरिकों के प्रथम आगमन पर | प्रथम आगमन पर आवासीय आवास के अभाव में, होटल आवास के लिए अधिकतम 21 दिनों तक प्रतिदिन **यूएस $160.00** आवास किराया भत्ता के एवज में भुगतान किया जाएगा। इस अवधि के दौरान अनुषंगी जीवनसाथी एवं 21 वर्ष से कम आयु के दो आश्रित बच्चों तक के लिए 50 प्रतिशत दैनिक भत्ता का भुगतान किया जाएगा। |
| 3. | **आवासीय सुविधा** | **यूएस $708.00** (सात सौ आठ अमेरिकी डॉलर) की किराये की अधिकतम सीमा के भीतर प्रतिमाह पाकिस्तानी रुपए की समतुल्य स्थानीय मुद्रा में। |
| 4. | **साज-सामान अनुदान** | आगमन के समय में **यूएस $2,000.00** (दो हज़ार अमेरिकी डॉलर) का एकमुश्त साज-सामान/व्यवस्थापन अनुदान। |
| 5. | **संतान शिक्षा भत्ता** | 4 से 21 वर्ष (अर्थात ग्रेड XII/A-Level) की आयु के मध्य अधिकतम दो संतानों हेतु प्रति संतान **यूएस $2,000.00** (दो हज़ार अमेरिकी डॉलर) की वार्षिक सीमा के अधीन, वास्तविक रसीद प्रस्तुत करने पर; प्रवेश, पंजीकरण एवं अन्य अनिवार्य शुल्कों सहित 90% विद्यालय शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति। |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | **चिकित्सा भत्ता** | स्वयं, पति / पत्नी और आश्रित संतानों के लिए **यूएस $1,500.00** (एक हज़ार पाँच सौ अमेरिकी डॉलर) की वार्षिक सीमा के अधीन चिकित्सा उपचार पर वास्तविक व्ययों की प्रतिपूर्ति। |
| 7. | **गृह अवकाश भत्ता** | 18 महीने की निरंतर सेवा पूरी करने के उपरांत कार्यकाल में एक बार स्वयं, पति / पत्नी और आश्रित संतानों के लिए इकोनॉमी श्रेणी का गृह अवकाश यात्रा व्यय। |

**<u>नियोजक सरकार से प्राप्त होने वाले लाभ</u>** :

सरकारी कर्मचारी, यदि सदस्य राष्ट्रों के विदेश / बाह्य मामलों के मंत्रालय के माध्यम से नामित / नियुक्त किए जाते हैं, तो वे स्वयं एवं अपने परिवार हेतु कार्यग्रहण की लागत एवं वापसी के यात्रा व्यय सहित, नियोजक सरकार से वेतन / भत्ते प्राप्त करना जारी रखने के हकदार होंगे।

**<u>सामान्य अपेक्षाएं</u>** :

- क्षेत्रीय और वैश्विक संदर्भ में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) की स्पष्ट समझ अनिवार्य है।
- एक मिश्रित संस्कृति और एक समूह में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए।
- लिखित और साथ ही संवादात्मक अंग्रेज़ी में अनुभूत पृष्ठभूमि और प्रवीणता साबित होनी चाहिए।
- कंप्यूटर प्रयोग में सक्षमता अपेक्षित है एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करने और परिणाम उन्मुख गुणवत्तापूर्ण परिणाम देने में सक्षम होना चाहिए।
- सभी गतिविधियों में महानिदेशक तथा उप निदेशक की सहायता करना और सौंपे गए कार्यों को पूर्ण करना।
- निष्कलंकित कार्य रिकॉर्ड।

**<u>सामान्य सूचना</u>** :

- सेवा का कार्यकाल 03 वर्ष है (03 वर्ष की अगली अवधि हेतु विस्तार योग्य)
- अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है (असाधारण योग्यता एवं / अथवा क्षेत्रीय प्रतिनिधि के प्रकरण में आयु शिथिल की जा सकती है, किन्तु 50 वर्ष से अधिक नहीं)।
- केवल संक्षिप्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 1 जुलाई 2018 से होगी।
- इस संबंध में सभी पत्राचार ई-मेल और दूरभाष के माध्यम से ही किए जाएंगे।
- आवेदन की स्कैन की गई प्रति जिसमें वैध ई-मेल आईडी / पता एवं संपर्क दूरभाष क्रमांक दिया गया हो; समस्त शैक्षिक, अनुभव, चरित्र प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट की अभिप्रमाणित प्रतियां पीडीएफ प्रारूप में, दिनांक 28 फरवरी-2018 के पूर्व महानिदेशक, दक्षेस विवाचन परिषद् (सार्को) को ईमेल द्वारा info@sarco.org.pk पर एवं एक प्रति dirind@saarc-sec.org पर प्राप्त हो जानी चाहिए।

**महानिदेशक**
दक्षेस विवाचन परिषद्, इस्लामाबाद-पाकिस्तान
(दूरभाष: 0092 51 9266358), www.sarco.org.pk

# दक्षेस विवाचन परिषद्

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) का एक विशिष्ट निकाय

---

सं0 सार्को/एमएस/2018/सीक्यू/07

दक्षेस विवाचन परिषद् (सार्को), एतद्द्वारा इस परिषद् में सहायक निदेशक (संव्यावसायिक श्रेणी) के पद पर रिक्ति की घोषणा को अग्रेषित करते हुए दक्षेस सदस्य राष्ट्रों के विदेश / बाह्य मामलों के मंत्रालयों का अभिनंदन करता है।

यह परिषद्, समस्त माननीय मंत्रालयों से यह अनुरोध करती है कि वे उपरोक्त घोषणा को प्रासंगिक विभागों / कार्यालयों में प्रसारित करें एवं साथ ही इसे उनकी वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किए जाने का भी अनुरोध किया जाता है।

इस अवसर पर, दक्षेस विवाचक परिषद् द्वारा; दक्षेस सदस्य राष्ट्रों के विदेश / बाह्य के मंत्रालयों के प्रति अपने उच्चतम आदर को दुहराया जाता है।

इस्लामाबाद, 11 जनवरी, 2018

संलग्न: रिक्ति घोषणा विवरण।

**विदेश / बाह्य मामलों का मंत्रालय,**
**सार्क सदस्य राष्ट्र**
(ध्यानार्थ: निदेशक / दक्षेस विभाग के प्रमुख)

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक (ईटीएफ), दक्षेस सचिवालय, काठमांडू।
- दक्षेस के शासी मंडल सदस्य।

प्लॉट नं 3-डी, गली संख्या 67, एफ-10/3, इस्लामाबाद-44000, पाकिस्तान
दूरभाष : +92-51-9266357-58 फैक्स : +92-51-2110512 ई-मेल : inforalsarco.org.pk वेबसाइट : www.sarco.org.pk